दैनिक
न्याय साक्षी

# खबरें खास



## महत्वपूर्ण एवं खास

### पुलिस लाईन में शहीदों के परिजनों और पुलिसकर्मियों ने शहीदों को किये संस्मरण

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** गणतंत्र दिवस पर प्रति वर्ष की भांति मुख्य समारोह स्थल मिनी स्टेडियम में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारियों, गणमान्य नागरिकों स्कूली बच्चों के साथ उन बहादुर पुलिस शहीदों के परिजनों को भी ससम्मान कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाता है जिन्होंने अपनी ड्यूटी के दौरान जान गवाईं थी। इसी के साथ पुलिस विभाग की भी परंपरा है कि गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस, शहीद दिवस व अन्य अवसरों में शहीद परिवार के परिजनों को पुलिस लाइन में सौजन्य भेंट कर उनसे चर्चा की जाती है उनकी निजी एवं उनके क्षेत्र की समस्याएं सुनी जाती है तथा उनका निदान किया जाता है । आज भी मुख्य समारोह में सम्मिलित हुए अमर शहीद के परिजन समारोह में सम्मिलित होने के बाद रक्षित केंद्र में पहुंचे जहां अमर शहीदों के तस्वीरों पर शहीद के परिजनों एवं पुलिसकर्मियों द्वारा पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दिए पश्चात रक्षित निरीक्षक अमरजीत खूंटे द्वारा शहीद परिवारों से व्यक्तिगत चर्चा कर उनका कुशल क्षेप पूछे तथा दोपहर भोज बाद सभी को उनके गृह ग्राम तक पहुंचाने की व्यवस्था कराई गई ।इसी प्रकार थाना प्रभारीगण उनके क्षेत्र में निवासरत शहीद परिवारों से भेंट कर उन्हें गणतंत्र दिवस की बधाई दी गई है ।

### सामान खरीदने के दौरान मोबाइल पार, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** सामान खरीदने के दौरान एक व्यक्ति के जेब से पाकिटमार ने मोबाइल चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार कृष्णा नगर टिकरापारा निवासी संतोष कुमार दीक्षित 45 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि श्याम टाकीज के सामने सामान खरीदने के दौरान प्रार्थी के शर्ट की जेब में रखे एक नग सेमसंग कंपनी का मोबाइल कीमत 15 हजार रुपये को किसी ने चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### तेज रफ्तार आटो की चपेट में आने से मोटरसाइकिल के पीछे बैठा युवक घायल, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** मोटरसाइकिल से जा रहे युवक को तेज रफ्तार आटो चालक ने टक्कर मार दिया जिसके चलते युवक का साथी घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार प्रोफेसर कालोनी पुरानी बस्ती निवासी महेंद्र सोनी 29 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 26 जनवरी को वालफोर्ड सिटी के सामने कुशालपुर में तेज रफ्तार आटो रिक्शा क्रमांक सीजी 04 टी 8820 के चालक ने युवक को ठोकर मार दिया जिसके चलते मोटरसाइकिल के पीछे बैठे उसका साथी तरूण बंछोर घायल हो गया।

### आरडीए में सीईओ भीम सिंह ने किया ध्वजारोहण

**रायपुर (आरएनएस)।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर रायपुर विकास प्राधिकरण में मुख्य कार्यपालन अधिकारी भीम सिंह ने कार्यालय प्रागंण में तिरंगा ध्वज फहराया। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों का कार्य के प्रति सजग हो कर कार्य करने का आव्हान किया। इस अवसर पर अतिरिक्त सीईओ नवीन कुमार ठाकुर, अधीक्षण अभियंता अनवर खान, कार्यपालन अभियंता अनिल गुप्ता, सहायक अभियंता एम.एस. पांडेय, राजेन्द्र कुमार जैन, सुशील शर्मा, राजस्व अधिकारी सुनेहा भेडिया, सहित कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राजकुमार अवस्थी, धर्मेन्द्र सिंह सेंगर सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामण्डलम् में मनाया गया गणतंत्र दिवस

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामण्डलम् रायपुर में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संस्कृत विद्यामण्डलम् के सचिव सचिव डॉ. सुरेश कुमार शर्मा ने ध्वजारोहण कर गणतंत्र दिवस का संदेश दिया और सभी अधिकारी एवं कर्मचारी को शुभकामनाएं दी। मंच संचालन लक्ष्मण प्रसाद साहू सहायक संचालक ने किया।

# निःस्वार्थ और समर्पित भाव से समाज सेवा करना एक मिसाल होती हैः उइके

**रायपुर।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने आज राजनांदगांव जिले में प्रसिद्ध समाज सेवी संस्था उदयाचल द्वारा आयोजित समारोह में छत्तीसगढ़ के पद्मअलंकृत विभूतियों का सम्मान किया। राज्यपाल सुश्री उइके ने उदयाचल की सराहना करते हुए कहा कि निःस्वार्थ और समर्पित भाव से समाज सेवा करना एक मिसाल होती है। सुश्री उइके ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित विभूतियों का सम्मान करना गौरव की बात है। यह मेरा सौभाग्य है।

राज्यपाल ने कहा कि समाज सेवी संस्था उदयाचल द्वारा ऐसी विभूतियों का सम्मान कर और लोगों में जागरूकता लाने का कार्य किया है। संस्था के स्वर्ण जयंती मनाने पर अपनी शुभकामनाएं देती हूं। इसके लिए मैं समाज सेवी संस्था उदयाचल के प्रतिनिधियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करती हूं। समारोह में कला, साहित्य, संस्कृति, खेल, पुरातत्व और समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले पद्म सम्मान प्राप्त विभूतियों का सम्मान किया गया। समारोह में पद्मविभूषण श्रीमती तीजन बाई, पद्मश्री डॉ. एटी दाबके, पद्मश्री जॉन मार्टिन नेल्सन, पद्मश्री सुरेन्द्र दुबे, पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना, पद्मश्री शमशाद बेगम, पद्मश्री फुलबासन बाई यादव, पद्मश्री जीसीडी भारती, पद्मश्री अनुज शर्मा, पद्मश्री सबा अंजुम करीम, पद्मश्री ममता चंद्राकर, पद्मश्री डॉ. अरूण शर्मा, पद्मश्री अनूप रंजन पाण्डे तथा पद्मश्री मदन चैहान को सम्मानित किया गया।

**» राज्यपाल ने पद्म अलंकृत विभूतियों का किया सम्मान**




उन्होंने कहा कि यह गर्व की बात है कि यह संस्था संस्कारधानी राजनांदगांव की है। अंधत्व निवारण के क्षेत्र में इस संस्था की एक अलग प्रतिष्ठा और पहचान है। 50 हजार से अधिक निरूशुल्क आपरेशन करना, 5 लाख से अधिक नेत्र परीक्षण करना इस संस्था की खासियत है।

राज्यपाल ने कहा कि उदयाचल संस्था लोगों को प्रेरणा देती है कि वे भी कुछ समय निकालकर समाज सेवाओं में लगाएं। हमें भी अपने व्यस्त दिनचर्या में कुछ समय निकालकर दिन-दुखियों की सेवा में लगाना चाहिए।

राजनांदगांव लोकसभा के सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने उदयाचल संस्था के प्रति शुभेच्छा प्रकट करते हुए कहा कि समाज सेवा के क्षेत्र में 50 साल पूर्ण करना गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि पद्म अलंकरण से सम्मानित विभूतियां छत्तीसगढ़ की हार की मोतियों के समान है। छत्तीसगढ़ की ये विभूतियां सुगंधित फूल के समान है। महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने कहा कि उदयाचल संस्था एक पवित्र स्थान बन गया है। संस्था निरंतर समाज सेवा के क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रही है। संस्था द्वारा पद्मश्री अलंकृत विभूतियों का सम्मान करना गर्व की बात है। राज्यपाल सुश्री उइके ने उदयाचल द्वारा संचालित नेत्र अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने आज आंखों का आपरेशन कराई कुमारी बाई को शॉल, चादर और बर्तन भेंट की है।

## ग्राम पंचायतवार मतदाता सूची में अपना नाम खोजने हेतु वेबसाईट तैयार

**» लिंक मतदाता पर्ची निकाले में सर्च कर प्राप्त करें मतदाता पहचान पत्र**
**»चयनित सेल्फी फोटो को राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा किया जाएगा पुरस्कृत**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** छ.ग.राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2019-20 के लिए मतदाताओं की सुविधा हेतु ग्राम पंचायतवार मतदाता सूची में अपना नाम खोजने हेतु वेबसाईट cgsec.gov.in तैयार किया गया है, जिसमें लिंक मतदाता पर्ची निकालें दिया गया है। मतदाता उस लिंक में जाकर अपना नाम सर्च कर, मतदाता पर्ची प्रिंट प्राप्त कर मतदाता पहचान पत्र के रूप में भी प्रयोग कर सकते है। कलेक्टर श्री यशवंत कुमार ने जिले के नागरिकों को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने हेतु आग्रह किया है।

गौरतलब है कि मतदान दिवस पर मतदान करने के पश्चात ली गई सेल्फी फोटो को आयोग को फेसबुक पेज https://www.facebook.com/StateElectionCommission/ के माध्यम से शेयर करने पर चयनित सेल्फी फोटो को छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।

## स्कूली किशोरी बालिकाओं के लिए पर्सनल हायजीन विषय पर कार्यक्रम आयोजित

**» स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा दिया गया मार्गदर्शन**

**न्याय साक्षी/रायगढ़। रायगढ़ विकास खण्ड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोईंग में आज शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल जामगांव और शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल कुसमुरा, धनागर हायर सेकेण्डरी स्कूल में किशोरी स्कूली बालिकाओं के लिए शरीर की स्वच्छता पर्सनल हायजीन विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया**





और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बालिकाओं को माहवारी के दौरान रखे जाने वाले एहतियात एवं महत्वपूर्ण बातों की जानकारी दी। टीम के द्वारा यह समझाईश दी गई कि महिलाएं अपने परिवार की देखभाल करती हैं, इसलिए उनका स्वस्थ रहना एवं स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना बहुत जरूरी है। कई बार महिलाएं अपने घरेलू कार्य में इतना व्यस्त रहती हैं कि अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं दे पाती। उन्हें कहा गया कि अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें और अपने आहार पर भी ध्यान दें।

इस अवसर पर शरीर में खून की कमी दूर करने के उपाय भी बताए गए। बालिकाओं की समस्या एवं जिज्ञासा का समाधान किया गया और शरीर को स्वस्थ रखने के लिए स्वास्थ्य विभाग टीम द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया।

## वृद्ध ने बोलेरो पलटाई, दुर्घटना में पत्नी समेत दोनों की हुई मृत्यु....

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना धरमजयगढ़ के ग्राम पुटुकछार में रहने वाले जोसेफ टोप्पो (63 साल) दिनांक 25.01.2020 को अपनी पत्नी जसिन्ता टोप्पो (60 साल) एवं गांव के अनिल टोप्पो के साथ अपनी बोलेरो प्लस क्रमांक छत्र छ्र 7817 में अपने ससुराल ग्राम देवमाटी दशकर्म में गये थे। जहां से गांव आते समय




पुटुकछार से 02 किमी दूरी पर खोन्चा रप्टा (नाला) के पास जोसेफ टोप्पो बोलेरो को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पलटा दिया । दुर्घटना में जोसेफ टोप्पो एवं जसिन्ता टोप्पो फौत हो गये, अनिल टोप्पो को चोटें आई है और बोलेरो क्षतिग्रस्त हो गया है । घटना के संबंध में मृतक के पुत्र की रिपोर्ट पर थाना धर्मजयगढ़ में अपराध क्रमांक 09/20 20 धारा 279,337,304-ए भादंवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है ।

## पंचायत आम निर्वाचन : सवेरे 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक डाले जाएंगे वोट


**» वामपंथ उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में सवेरे 06:45 बजे से**

**» दोपहर 2 बजे तक मतदान**

**रायपुर।** प्रदेश में पंचायत आम निर्वाचन के पहले चरण के निर्वाचन के लिए 28 जनवरी को सवेरे सात बजे से दोपहर तीन बजे तक वोट डाले जाएंगे। वामपंथ उग्रवाद प्रभावित जिलों नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा में सवेरे पौने सात बजे से दोपहर दो बजे तक मतदान होगा। बस्तर जिले के जगदलपुर, लोहंडीगुड़ा, बास्तानार और दरभा विकासखंड तथा कांकेर के अंतागढ़, कोयलीबेड़ा, भानुप्रतापपुर एवं दुर्गकोंदल विकासखंड में भी सवेरे पौने सात बजे से दोपहर दो बजे तक वोट डाले जाएंगे।

## 15 वर्षीय बालिका से युवक द्वारा छेड़खानी जुर्म दर्ज

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना कोतवाली में दिनांक 25.01.2020 को 15 वर्षीय बालिका द्वारा प्यासा मैदान के पास रहने वाले प्रदीप डोंगरे के विरुद्ध छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता बताएं कि वर्ष 2016-17 में प्रदीप डोंगरे बहला-फुसलाकर भगा कर ले गया था, उस समय माता पिता के कहने पर केस वापस ले ली थी। तब से प्रदीप डोंगरे घर आते जाते समय अश्लील छींटाकशी छेड़खानी करता है, दिनांक 23.01.2020 के दोपहर करीब 3:00 बजे प्रदीप डोंगरे घर के पास बालिका का हाथ



पकड़ कर खींच रहा था और धमकी देने लगा कि तुझे उठा कर ले जाऊंगा । बालिका हाथ छुड़ाकर घर आई और अपने माता पिता को बताई और घटना के संबंध में थाना कोतवाली में आरोपी प्रदीप डोंगरे के विरुद्ध अपराध क्रमांक 83/ 20 20 धारा 354 भा.द.वि. 17 पास्को एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## अग्रवाल स्टोर दुकान से 65,000 नगदी रकम चोरी, चोर फरार

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** रिपोर्टकर्ता सुरेश अग्रवाल निवासी जैन मंदिर के पास खरसिया द्वारा दिनांक 25.01.2020 को पुलिस चौकी खरसिया में अपने अग्रवाल स्टोर (जड़ी बूटी की दुकान खरसिया) के गल्ले से शाम करीब 7:00 बजे अज्ञात व्यक्ति द्वारा कैश काउंटर से 50,000 की एक बंडल और 15,000 बिक्री रकम कुल 65,000 को चोरी कर भाग गया। रिपोर्टकर्ता सुरेश अग्रवाल ने बताया कि शाम करीब 7:00 बजे दुकान से निकल कर थोड़ी दूर पेशाब करने गए थे, लौटते समय उसने दुकान से एक आदमी को बाहर निकलते देखा जब तक दुकान पहुंच पाता व्यक्ति भाग चुका था काउंटर चेक करने पर पैसे कम लगे तो जांच किया और अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराया है रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 52/2020 धारा भारतीय दंड विधान दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## कलेक्टर ने पंचायत निर्वाचन के अवसर पर घोषित की शुष्क अवधि

**» 28 जनवरी से 3 फरवरी तक तीन चरणों में संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में मदिरा दुकानें रहेंगी बंद**
**» 30 जनवरी को महात्मा गांधी निर्वाण दिवस पर संपूर्ण जिले के लिए शुष्क दिवस घोषित**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार ने त्रिस्तरीय पंचायतों के निर्वाचन हेतु मतदान व मतगणना के अवसर पर निर्वाचन क्षेत्रों (जहां मतदान होना है)में स्थित सभी देशी मदिरा एवं विदेशी मदिरा दुकानों को बंद रखने हेतु शुष्क अवधि घोषित किया है। जिसके अनुसार निर्वाचन के प्रथम चरण में दिनांक 26 जनवरी 2020 (गणतंत्र दिवस पूर्व से घोषित शुष्क दिवस)से दिनांक 28 जनवरी 2020 की रात्रि तक विकासखण्ड रायगढ़, घरघोड़ा, धरमजयगढ़ एवं तमनार विकासखण्ड में, द्वितीय चरण में दिनांक 29 जनवरी 2020 की संध्या 7 बजे से दिनांक 31 जनवरी 2020 की रात्रि तक विकासखण्ड सारंगढ़ एवं बरमकेला में तथा निर्वाचन के अतिम चरण में दिनांक 1 फरवरी 2020 की संध्या 7 बजे से दिनांक 3 फरवरी 2020 की रात्रि तक विकासखण्ड लैलूंगा, पुसौर व खरसिया के निर्वाचन क्षेत्रों की समस्त मदिरा दुकानें बंद रहेंगी। इसके अतिरिक्त दिनांक 30 जनवरी 2020 को महात्मा गांधी निर्वाण दिवस के अवसर पर संपूर्ण जिले में शुष्क दिवस घोषित किया गया है, अतएव उक्त दिनांक को पूरे जिले की समस्त देशी व विदेशी मदिरा दुकानें बंद रहेंगी।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोग हुए सम्मानित

**न्याय साक्षी/रायगढ़। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार गत दिवस 25 जनवरी 2020 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किरोड़ीमल शासकीय पालीटेक्निक कालेज रायगढ़ के ऑडिटोरियम में किया गया।**


इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायगढ़ रमाशंकर प्रसाद एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह उपस्थित थे। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिले में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अर्हता तिथि 1.1.2020 के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने लोगों को सम्मानित किया गया।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित होने वाले प्रो.नोडल अधिकारी लखन लाल यादव को 7 हजार रुपए विधानसभा क्षेत्र क्रमांक लैलूंगा से पुष्पांजलि पटनायक, रायगढ़ से सच्चिदानंद सिदार, सारंगढ़ से किशोर कुमार नायक, खरसिया से श्रीमती प्रतिमा सिदार एवं धरमजयगढ़ से रामचरन सिंह को प्रशस्त्रि पत्र एवं 5-5 हजार रुपए नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। इसी तरह शा.उ.मा.वि.चक्रधर के स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान-कु.सृजना परिहार कक्षा 11 वीं, सुशान्त पटनायक कक्षा 11 वीं द्वितीय स्थान एवं कु.संजना देवांगन कक्षा 11 वीं, केएमटी महाविद्यालय रायगढ़ के भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान-कु.सृष्टि अग्रवाल, बी.कॉम, भाग-3, द्वितीय स्थान-कु.जूही पाण्डे, बी.कॉम, भाग-3, तृतीय स्थान-कु.आरती शर्मा, बी.ए.प्रथम वर्ष, किरोड़ीमल शा.कला एवं विज्ञान महाविद्यालय के निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान-कु.प्रीति सिंह, बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर, द्वितीय स्थान-कु.मधु गुप्ता, बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर (गणित), तृतीय स्थान-कु.हीना साव, एमए चतुर्थ सेमेस्टर (राजनीति शास्त्र), किरोड़ीमल शास.पालीटेक्निक रायगढ़ के प्रथम स्थान-कु.शैली अग्रवाल मैकेनिकल इंजीनियरिंग तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान-श्री सागर सिदार मैकेनिकल इंजीनियरिंग तृतीय वर्ष, तृतीय स्थान-श्री चन्द्र कुमार जायसवाल, मैकेनिकल तृतीय वर्ष तथा ऑडिटोरियम प्रांगण में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में शा.उच्च.माध्य.वि.चक्रधरनगर-प्रथम, शास.पालीटेक्निक रायगढ़-द्वितीय तथा किरोडीमल शा.कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़ को तृतीय स्थान पर रहे। जिला रायगढ़ के समस्त तहसीलों में कार्यरत कानूनगों एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में कार्यरत डाटा एन्ट्री आपरेटरों को भी प्रशस्त्रि पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## चक्रधरनगर व जुटमिल क्षेत्र में पुलिस ने निकाला फ्लैग माच

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पंचायत चुनाव को भयमुक्त, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर आज चक्रधरनगर एवं चौकी जूटमिल के ग्रामीण इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला गया जहां दिनांक 28.01.2020 को मतदान होना है। टी.आई. विवेक पाटले एवं टी.आई.





अंजना केरकेट्टा के नेतृत्व में निकला गया फ्लैग मार्च विभिन्न इलाकों से गुजरा। प्रभारीगण के साथ उनके थाना/चौकी के स्टाफ मौजूद थे। फ्लेग मार्च से लोगों को भरोसा दिलाया गया कि वे बिना किसी भय के मतदान जैसे महापर्व में भाग लें। पूरे जिले में शांतिपूर्ण मतदान कराने की तैयारी कर ली गई है और मतदान में बाधा उत्पन्न करने वालों पर भी सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## 15 वर्षीय स्कूली छात्रा को युवक ने छेड़खानी की जुर्म दर्ज

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना सारंगढ़ में दिनांक 26.02.2020 को 15 वर्षीय स्कूली छात्रा द्वारा ग्राम डुमरडीह के दामोदर कुर्रे नाम के युवक द्वारा छेड़खानी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बालिका बताई की आज गणतंत्र दिवस के दिन अपनी सहेलियों के साथ स्कूल हाल में बैठी थी करीब 08-09.00 बजे , दामोदर कुर्रे हाल में आया और बाहर आने को बोला डर से बाहर निकली तो दामोदर मैं तुमको कुछ कहता हू तो नहीं सुनती है। कहते हुये बुरी नियत से हाथ को खींचने लगा हाथ को छुड़ाई तो बांये गाल में थप्पड़ मारा । बालिका बताई की इसके पहले भी दामोदर स्कूल आते जाते समय कई बार छेड़खानी किया है जिसे बर्दाश्त करती थी पर आज सबके सामने हाथ पकड़कर खींचने और थप्पड़ मारने से बुरा लगा और रिपोर्ट दर्ज कराई, रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 53/2020 धारा 354, 354 (घ) भादंवि,8 पास्को एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480